हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 28 अगस्त 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | रहतगढ़

04 संयुक्त निरीक्षण कर कलेक्टर व एसपी ने ...



07 भवनों को तो तोड़ दिया, अब बीच रोड पर आए बिजली...



## खबर संक्षेप

### औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्टका आमंत्रण

**सागर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा सागर जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र पटनाककरी, रहली, जिला सागर में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 1 सितम्वर प्रातः 11 बजे से 15 सितम्वर को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल एमपीएमएसएमई.गोव.इन पर संपादित की जाएगी। प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क रु 5000 होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा, आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी (प्रीमियम) की 25% अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी, भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। नियम, प्रक्रिया एवं भूखंडों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट एमपीएमएसएमई.गोव.इन से प्राप्त की जा सकती है।

### गोशाला में तैयार होने लगी सर दर्द की बाम

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा गौशाला संचालक महिलाओं को तीन दिवसीय गोशाला में तैयार होने वाली उत्पाद निर्माण पर प्रशिक्षण कराया गया इस प्रसिद्ध प्रशिक्षण की पूर्ण होने के उपरांत विकासखंड केसली स्थित ग्राम मोहली की गोशाला में महिलाओं ने दुर्गा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष निशा देवी के साथ मिलकर सर दर्द बदन दर्द घुटना दर्द में लगाई जाने वाली बाम बनाने का काम आज से शुरू किया। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में आयोजित बैठक में उन्होंने इच्छा जाहिर की थी कि महिलाएं अपनी गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाएं वे केवल सरकार के अनुदान पर निर्भर रहकर गौशाला का संचालन ना करें इसी आशय को पूरा करने के लिए महिलाओं को विभिन्न उत्पाद निर्माण के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।

### डेंगू से सावधान रहें, स्वस्थ रहें, अपने आसपास पानी को एकत्र न होने दें

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जिलेवासियों से अपील की है कि डेंगू जैसे रोगों से बचाव के लिए अपने घर व आसपास साफ-सफाई बनाए रखें। डेंगू एक गंभीर वायरल संक्रमण है, जो एडिज मच्छर के काटने से फैलता है। समय पर लक्षण पहचानें और उपचार लें। तेज बुखार व सिर दर्द, जोड़ों-मांसपेशियों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी या जी मिचलाना, नाक, मुँह से खून आना, त्वचा पर चकत्ते, थकान व कमजोरी अगर कोई भी लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** कलेक्टर ने जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त स्वास्थ्य इकाईयों में होने वाले जन्म का पंजीयन संस्था से प्रसूता के डिस्चार्ज के पूर्व अनिवार्यतः करते हुए जन्म प्रमाणपत्र की प्रति डिस्चार्ज स्लिप के साथ अथवा उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर अन्य माध्यम से प्रदाय करना सुनिश्चित करें। भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह प्रमाण पत्र नवजात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाये, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक जन्म होते है। साथ ही रजिस्ट्रार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे अस्पताल में जन्म होते ही उसका पंजीकरण करें और जन्म प्रमाण पत्र तुरंत जारी करें। जिससे जनसाधारण को सुविधा होगी।

## विधायक ने निगमाध्यक्ष एवं निगमायुक्त के साथ वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

# विधायक शैलेंद्र जैन के सख्त निर्देश-वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के प्रबंधन में सुधार कर उसे बेहतर बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जरा सा भी वेस्ट वाटर व खुले में बहता हुआ सीवेज जल स्त्रोतों में न मिले, अपशिष्ट जल पर्यावरण कुआँ, तालाब, बावड़ी नदियों या सतही जल निकायों को प्रदूषित न करे और विभिन्न प्लांटों से प्राप्त ट्रीटेड वॉटर की एक भी बूंद वेस्ट न हो, इसका विशेष ध्यान रखते हुए वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट आदि के प्रबंधन में सुधार करें और प्रबंधन बेहतर बनाएं। उक्त निर्देश विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने निगमायुक्त राजकुमार खत्री और निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के साथ लाखा बंजारा झील किनारे मोंगा बधान के पास बने वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर दिये। उन्होंने कहा की शहर में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट और वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने का उद्देश्य ही यही है की जल के उपयोग और प्रबंधन को बेहतर बनाया जा सके। सागर शहर को जीरो लिक्विड डिस्चार्ज शहर के रूप में विकसित करना हमारा प्रयास है, ताकि जल एवं पर्यावरण के संरक्षण के हमारे सामूहिक प्रयास शतप्रतिशत सफल हों। पेयजल की एक भी बूंद बर्बाद न हो यह हमारा प्रयास होना चाहिए।



उन्होंने झील की पेरीफेरी में बिछाई गई नालाटेपिंग पाइपलान से प्रतिदिन बहकर आने वाले वेस्ट वाटर और यहां प्लांट के माध्यम से ट्रीट होने वाले ट्रीटेड वॉटर की सेम्पलिंग कराने के निर्देश देते हुए कहा की दिन में अलग-अलग समय पर सेम्पल लेकर पानी की गुणवत्ता का परीक्षण करें। उन्होंने वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट संचालक और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के प्रतिनिधि को फटकार लगाते हुए कहा की शहर की नालियों में सीवर और वेस्ट वॉटर न बहे इसका समुचित प्रबंध करें। आवश्यकता पड़े तो सीवर प्रोजेक्ट प्रबंधक झील के पास मोंगा बधान से होते हुए शीतला माता मंदिर तक एक पाईप लाईन बिछाएँ और बिना ट्रीट किया हुआ पानी इस पाईप लाईन से शीतलामाता पंपिंग स्टेशन पर पहुंचाकर ट्रीट करने का प्रबंध करें। शहर में जहाँ भी सीवर के हॉउस होल्ड कनेक्शन होना बांकी हैं उन्हें सीवर लाईन में जोड़ने का कार्य शीघ्र पूरा करें। ताकि नालियों में सीवेज बिल्कुल भी न बहे।

उन्होंने कहा की मोंगा जो की अभी नाले के रूप में बह रहा है। अनुपयोगी बना हुआ है इसे एक स्वच्छ जल की नहर के रूप में विकसित किया जा सकता है इसके जैसे चौड़े जल ग्रहण क्षमता वाले नाले-नहर आदि को चिन्हित कर आवश्यकता अनुसार चेकडेम बनाकर गेट लगाएं और वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट से प्राप्त होने वाला ट्रीटेड वॉटर यहां स्टोर करें। इस ट्रीटेड स्वच्छ जल से इसके आसपास का ग्राउंड वॉटर रिचार्ज सिस्टम बेहतर होगा। जलग्रहण क्षमता बढ़ने से यहां के कुआँ बावड़ी आदि जल के स्त्रोतों का जल स्तर बढ़ेगा। यह स्वच्छ जल नागरिकों के लिए कपड़े धुलाई, वाहन धुलाई, सिंचाई जैसे अन्य द्वितीयक कार्यों में उपयोगी बनेगा और मीठे पानी पेयजल पर निर्भरता कम होगी। मीठे पानी के स्त्रोतों पर दवाब कम होगा। इसके साथ ही स्वच्छ जल में नौकयान व अन्य गतिविधियां भी संचालित करने के अवसर बढ़ेगे। निरीक्षण के दौरान नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के इंजीनियर्स सहित ठेकेदार एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## भार्गव ने मिट्टी से निर्मित भगवान श्री गणेश की 5 हजार प्रतिमाएं भेंट की

**गढ़ाकोटा ।** 10 दिवसीय गणेश उत्सव के पावन अवसर पर पूर्व मंत्री क्षेत्रीय विधायक गोपाल भार्गव ने सह परिवार अष्ट विनायक मंदिर पहुंचकर विधि विधान के साथ श्री रिद्धि सिद्धि के दाता गणेश जी का पूजन अर्चना हवन किया । वहीं 10 दिवसीय गणेश उत्सव के अवसर पर रहली विधानसभा क्षेत्र के गढ़ाकोटा टॉकीज में गढ़ाकोटा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी एवं डॉ केके खरे ने, रहली नगर में भाजपा नेता अभिषेक भार्गव ने, शाहपुर नगर में नगर पालिका अध्यक्ष देवराज लोधी ने, एवं खेराना में भाजपा नेता अभिषेक भार्गव ने निशुल्क 5000 शुद्ध मिट्टी से निर्मित भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाओं का वितरण किया । साथ ही प्रथम पूजन हेतु पूजन सामग्री एवं राशि प्रदान की गई। प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाएँ जल को प्रदूषित कर जलचर प्राणियों के जीवन को हानि पहुँचाती हैं, जबकि शुद्ध मिट्टी से बनी प्रतिमाएँ जल में आसानी से घुलकर पर्यावरण को सुरक्षित रखती हैं। मिट्टी की प्रतिमाओं का यह वितरण प्रकृति संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश भी देता है।



## 108 रोगियों का निशुल्क आयुर्वेद व योग प्रशिक्षण एवं परामर्श संपन्न

**सागर।** गणेश चतुर्थी के पुनीत अवसर पर डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 144 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 108 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श डॉ. राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। योग प्रशिक्षण, आयुर्वेद एवं आहार का आयुर्वेद संबंधित सामग्री निःशुल्क वितरित की गई । शिविर में 15 रक्तालप्ता, 48 रक्त शर्करा, 52 यूरिक एसिड, 60 बी एम डी हड्डी व 42 मांसपेशियों की जांच की गई। यह शिविर प्रातः शिवोम शान्ति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र 5 सिविल लाइन सागर के परिसर में किया गया। इस अवसर पर रजाखेड़ी, मकरोनिया, तिली एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। इस शिविर में वीरेंद्र गोस्वामी, अंकित, सत्येश शुक्ला, दीपक मिश्रा, अर्पित देसाई, सोनू साहू, अजय द्विवेदी, यशवंत कुमार, लोकेश साहू, नीलेश जैन, राजेंद्र रावत का सहयोग रहा। इस अवसर पर हमारे शिविर में निरंतर भाग ले रहे किशन घ्यानी एवं स्व ज्ञान सिंघ पिंजवानी दुर्घटना से मृत्यु होने पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। आयकर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पंडित संतोष दुबे द्वारा स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। 145वा शिविर का आयोजन 24 सितम्बर को किया जायेगा।

## समय के सम्मान से मिलती है सफलताः सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

युवा नेता अविराज सिंह ने बसिया गौड़, धनौरा, सिलौधा और बरोदिया नौनागिर के शासकीय विद्यालयों में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रमों में संबोधित करते हुए कहा कि कैसे एक बेहतर इंसान बनें हमेशा अपने बारे में अच्छा सोचें। महाभारत में कहा गया है कि कोई भी युद्ध, युद्ध के मैदान में लड़े जाने से पहले मन में जीता जाता है। इसलिए, पहले अपने बारे में सोचा करें कि आप जीवन में आगे बढ़ गए हैं। आपके सपने पूरे हो गए हैं। फिर आपके सपने अपने आप पूरे हो जाएँगे। हमें इसके लिए प्रयास करते रहना होगा। यही हम सब युवाओं का सपना है। अविराज सिंह ने कहा कि हमें अपनी विधानसभा क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। हमें अपने क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। हमें युवा, बुजुर्ग, माताएँ का सम्मान करना होगा। हमें उनका आशीर्वाद निरंतर प्राप्त करना होगा। जैसा कि हम बचपन से सुनते आ रहे हैं, ऐसी वाणी बोलो, मन शांत हो जाए यह दूसरों को ठंडक देगा, यह आपको भी ठंडक देगा।

उन्होंने कहा कि हमारी विधान सभा में निरंतर विकास हो रहा है। भूपेन्द्र भैया के प्रयासों से, आपकी पंचायत में, 4.59 करोड़ रुपये की राशि से, बांदरी-जरुआखेड़ा सड़क का निर्माण, जिसकी कुल लंबाई 24 किलोमीटर है, पूरा हो गया है। यह भूपेन्द्र भैया के प्रयासों से पूरा हुआ है। बसिया गौड़ गाँव में, शास्त्रीय कन्या माध्यमिक शाला में, हाई स्कूल में, उन्नयन और भवन निर्माण के लिए, भूपेन्द्र भैया ने 1 करोड़ रुपये की राशि दी है। आपके भूपेन्द्र भैया के प्रयासों से बहुत सारे विकास कार्य हुए हैं, जिसमें बीना नदी सिंचाई परियोजना, हम सभी का सपना था और जल्द ही, आप सभी के खेतों में, बीना नदी सिंचाई परियोजना का पानी भी आएगा जिससे खेतों में सिंचाई होगी। हनौता बांध परियोजा और उल्दन बांध परियोजना भी आपके भूपेन्द्र भैया ने स्वीकृत कराईं है। खुरई विधानसभा क्षेत्र में दो महाविद्यालयों का निर्माण हुआ है। खुरई नगर पालिका की सीमा का विस्तार किया गया है। जब से भूपेंद्र भैया विधायक बने हैं, उन्होंने 100 गाँवों को शहर बनाने का काम किया है। नगर परिषद के माध्यम से, अब गांवों का भी शहरों की तरह विकास हो रहा है।



## श्री बटुकेश्वर महादेव मंदिर में हुआ कजरी तीज पर फुलेरा का आयोजन

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के मुख्य बाजार स्थित श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर में विराजमान श्री बटुकेश्वर महादेव मंदिर में कजरी तीज के अवसर पर फुलेरा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सोनी स्वाजातीय महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर फुलेरा सजाया,ओर पति की लंबी आयु के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना कर कीर्तन किया। पंडितो द्वारा व्रत के संबंध में बताया कि महिलाओं द्वारा कजरी तीज का व्रत रखने से पति की उम्र बढ़ती है और कुवारी लड़कियों को अच्छा पति मिलता है। भादो मास के कृष्णपक्ष की तृतीया को मनाई जाने वाली इस तीज को कजरी तीज के नाम से जाना जाता है। साल में खासतौर पर 3 बार तीज का त्योहार मनाया जाता है। पहली गणगौर तीज,दूसरी कजरी तीज और तीसरी हरितालिका तीज। भादो मास के कृष्णपक्ष की तृतीया को मनाई जाने वाली तीज को कजरी तीज के नाम से जाना जाता है। इसे बूढ़ी तीज और सातूड़ी तीज जैसे नामों से भी जाना जाता है। इस बार कजरी तीज 26 अगस्त मंगलवार को मनाया गया। यह व्रत महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, और वैवाहिक जीवन को अच्छा रखने के लिए भगवान शंकर और माता गौरी की पूजा अर्चना करती है। रात मे महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर फुलेरा सजाया और रात मे चारों पहर विशेष हवन भी किए साथ ही रात्रि में जागरण करके भजन कीर्तन किए। एक दूसरे के घर जाकर भाक्ति गीत गाए। इस दौरान गली मोहल्लों मे खासी चहल पहल रही। महिलाओं का यह सबसे कठिन व्रत माना जाता है और नवयुवतियां भी यह व्रत अच्छे वर के लिए करती है। लड़की की शादी में देरी हो रही है तो इस व्रत को रखने से उसका विवाह जल्द हो जाएगा।

## खेल दिवस के उपलक्ष में खेल परिसर में आयोजित होगी प्रतियोगिताएंः कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल परिसर सागर में खेल प्रतियोगिताओं एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 27 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल कार्यक्रम का आयोजन खेल परिसर सागर में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में खेल परिसर सागर में बालक/बालिका वर्ग में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ- बास्केटबॉल प्रतियोगिता 27अगस्त, वॉलीवाल 28 अगस्त, 27 एवं 28 अगस्त, एथलेटिक्स 100 मी., 200 मी., 400 मी., गोला बारूद, लॉंग डेट 28 अगस्त मलखँव 27.08.25, हाकी 28 एवं 29 अगस्त, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस दिनांक 27 अगस्त से 29 अगस्त, फुटबॉलवाल दिनांक 26 अगस्त से 28 अगस्त एवं ताइक्वांडो दिनांक 27 एवं 28 अगस्त का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में शहर के विद्यालय के बालक/बालिका खिलाड़ी के साथ खेल परिसर के सागर प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ी की सराहना करेंगे।हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रातः 7:30 बजे खेल परिसर सागर में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी विजेता खिलाड़ियो को मेडल ट्राफी प्रदान किये जावेगे।

## जिला सहकारी बैंक की 3 समितियों द्वारा ऋण वसूली में लापरवाही बरतने के कारण कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से संबंधित तीन समितियां के कर्मचारियों को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है कलेक्टर एवं प्रशासक संदीप जी आर ने बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैक से संबद्ध 03 समितियो जिनमें सानौधा, थॉबरी एवं रजौआ द्वारा ऋण वसूली वर्ष 2024-25 अंतर्गत रूचि नहीं लेने के कारण, संबंधितो को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये थे । उक्त समिति कर्मचारियो द्वारा प्रस्तुत कारण सूचना पत्र का जबाव संतोषप्रद नहीं पाये जाने से कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक महोदय द्वारा समिति के समिति प्रबंधक (केडर) एवं सहायक समिति प्रबंधको को तत्काल प्रभाव से निलंबित किये जाने के आदेश दिये गये है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार बैंक द्वारा भविष्य में बैक एवं समिति के अन्य कर्मचारियो द्वारा कार्यो में लापरवाही किये जाने पर कार्यवाही की जाएगी।



## नवनियुक्त जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने ली कांग्रेस कार्यालय में पहली बैठक

**सागर।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई। साथ ही जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्षद दल, मोर्चा संगठन अध्यक्ष गण, एवं वरिष्ठ नेताओं की आवश्यक बैठक आयोजित की गईं। बैठक में शहर की जनसमस्याओ को लेकर पार्षद दल के सुझाव लिए गए। साथ ही 28 अगस्त को 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिए जाने की बात की गई, जिला अध्यक्ष जाटव ने मोर्चा संगठन अध्यक्षों से आगामी एक माह की कार्य योजना कांग्रेस कार्यालय में आवश्यक रूप से जमा करने को कहा। आगामी 1 सितंबर को वोट अधिकार यात्रा वोट चोर गद्दी छोड़ मुद्दे के समर्थन में निकाली जाएगी। अध्यक्ष महेश जाटव ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस में महिलाओं के विशेष सम्मान का ध्यान हमेशा रखा जाएगा। उन्होंने कांग्रेसियों से पूरे अनुशासन पद्य तरीके से कार्य करने की अपील की है। बैठक का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने किया आभार आनंद हेला ने माना। बैठक मे वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, अमित रामजी दुबे, नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, जिला प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, पप्पू गुप्ता, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल चौबे, सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, पार्षद ताहिर खान, शिव शंकर गुड्डू यादव, सुलेखा राकेश राय, शशि जाटव, रिचा सिंह, रोशनी वसीम खान, नीलोफर चमन अंसारी, दीनदयाल तिवारी, पूर्व पार्षद भैय्यन पटेल, पूर्व पार्षद भैय्यन पटेल,समीर खान, योगराज कोरी, आंनद हैला, जितेंद्र चौधरी, सागर साहू, नीलेश अहिरवार, अक्षत कोठारी, सुरेश पंजवानी, विनोद रैकवार आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## उद्यमिता पखवाड़ा में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने जागरुक किया

# आत्मनिर्भर भारत का मंत्र-नौकरी मांगने नहीं, नौकरी देने की सोच अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

एल्कोनहाइट सीनियर सेकंडरी स्कूल, स्वावलंबी भारत अभियान एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में स्वावलंबी भारत अभियान के केंद्रीय उद्यामिता प्रशिक्षण टोली सदस्य करण श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केवल नौकरी मांगने वाली सोच नहीं, बल्कि नौकरी देने वाली सोच अपनानी होगी।

स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार नामदेव ने कहा कि यह आयोजन देश में युवाओं के भीतर उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करने, आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने, और स्वदेशी उत्पादों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। प्रांत युवा आयाम टोली सदस्य सौरभ रांधेलिया एवं जिला सह संयोजक सुनील सागर ने कहा कि स्वदेशी केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक संस्कार है जिसे अपनाकर हम न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारतीय उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बना सकते हैं।जिला टोली सदस्य अखिलेश समैया ने कहा कि विद्यार्थियों को उद्यमिता की मूल बातें, बाज़ार की समझ, ग्राहक की आवश्यकता, ब्रांडिंग, और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर व्यापार के प्रारंभिक प्रशिक्षण भी दिए गए।विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. संजीव राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों में उद्यमिता का बीज बचपन से ही बोना चाहिए ताकि वे भविष्य में केवल एक डिग्रीधारी न बनकर, समाज के लिए उपयोगी और प्रेरणास्त्रोत बन सकें।




विद्यालय की प्राचार्या दीप्ति राठौर ने कहा कि वर्तमान दौर में शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और जीवन कौशल देना भी उतना ही आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशिक्षक रविन्द्र ठाकुर ने छात्रों से कहा कि पढ़ते-पढ़ते कमाना सीखें। उन्होंने सभी विद्यार्थी, शिक्षकों को स्वदेशी वस्तु अपनाने का संकल्प दिलाया।

## सीनियर सिटीजन को अपमानित कर दफ्तर से निकाला, कलेक्टर से हुई शिकायत

# कक्ष में काजू खाते-खाते पेंशनर्स पर भड़के डीईओ, बोले अंदर कैसे आये


हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

बेखौफ़ होकर अंधाधुंध व आसान रूप में लक्ष्मी संचय होने से अब कुछ अधिकारियो ने खुद को बदलते हुए घर से टिफिन लाने का सिस्टम बदल दिया है। अब भूख लगने पर अधिकारियो को उनके कक्ष में ही काजू, बादाम जैसे महंगे लेकिन पौष्टीक व्यंजन खाने को मिल रहे हैं। लेकिन इन पौष्टीक व्यंजनों का दुष्प्रभाव उन याचनाकर्ताओ की सेहत पर भारी पड़ रहा है जो अपनी समस्याओं को लेकर इस आशा से अधिकारियो के चेंबर में जाते हैं कि सामने बैठा अधिकारी अपने बरिष्ठ पद की गरिमा अनुसार सम्मान देते हुए उनकी समस्या को सुनकर समाधान करेगा। लेकिन कक्ष में बैठकर काजू खाने से अधिकारी के शरीर में पौष्टीकता की इतनी अधिकता हो रही कि अधिकारी अब बुजुर्ग पेंशनर्स को भी अपमानित करने से नहीं चूक रहे। ऐसा ही एक मामला कलेक्ट्रेट में स्थित जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से सामने आया है, जहां पदस्थ जिला शिक्षाधिकारी नें बुजुर्ग पेंशनरो को अपमानित करते हुए कक्ष से बाहर निकाल दिया। जिससे आहत बुजुर्ग पेंशनर्स ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है।

### बार बार आवेदन देने के बाद भी समस्या का निराकरण न होने पर गए थे निवेदन करने

पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष कैलाश नारायण ने बताया कि सेवा निवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर दो बार शिक्षा विभाग को ज्ञापन दिया जा चुका है। यहां तक कि एक कर्मचारी की सेवा पुस्तिका गुम होने की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक में दर्ज कराई गई, लेकिन कोई समाधान या कार्यवाही नहीं की गई। इसी कारण वे अपने वरिष्ठ साथियों के साथ जिला शिक्षा अधिकारी से सीधे चर्चा करने उनके कार्यालय पहुँचे थे। संघ पदाधिकारियों का आरोप है कि जिला शिक्षा अधिकारी के कक्ष का दरवाज़ा खुला था और कक्ष में लोगो का आना जाना लगा था। उन्होंने नियमपूर्वक अनुमति लेकर कक्ष में प्रवेश किया और अपना परिचय दिया। तब अधिकारी ने उन्हें बैठने को भी कहा, लेकिन उसी समय कुर्सी पर बैठे-बैठे काजू खाते-खाते अचानक जिला शिक्षाधिकारी गुस्से से तमतमा उठे और बोले आपको कक्ष में किसने अंदर आने दिया? मैं जिला शिक्षा अधिकारी हूं, आप लोग बाहर जाइए।





पंजीयन क्रमांक 25417/23
प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, मध्यप्रदेश
जिला शाखा– टीकमगढ़ (म.प्र.)
प्रांतीय कार्यालय- 98, स्वास्तिक नगर, इन्दौर (म.प्र.)-452002
जे.एम. ब्लॉक नं. 13, सहयाद्री परिसर, भदभदा रोड, भोपाल (म.प्र.)
जिला कार्यालय– शिव मंदिर के पास, पुरानी टेहरी, सागर रोड, टीकमगढ़ (म.प्र.)

कैलाश नारायण सिरवैया
अध्यक्ष
मो. 9893083538

पत्र क्रमांक .......
दिनांक 26/8/25

प्रति,
श्रीमान कलेक्टर महोदय जी,
जिला–टीकमगढ़ (म.प्र.)
विषय:– जिला शिक्षा अधिकारी टीकमगढ़ द्वारा सीनियर सिटीजन का अपमान करने के सम्बन्ध में।
महोदय जी,
संघ निवेदन करता है कि संघ के द्वारा शिक्षा विभाग से सेवा निवृत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर दो बार ज्ञापन दिया गया था एवं एक शासकीय सेवक की सेवा पुस्तिका गुम हो जाने के आवेदन पत्र एवं माननीय मुख्यमंत्री हैल्पलाईन सेवा पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने के कारण मैं स्वयं तथा मेरे साथ संघ के सीनियर साथी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुँचे तब देखा की उनके चेम्बर का दरवाजा खुला था और लोगो का आना–जाना चल रहा था मै अन्दर आ सकता की आवाज देकर अन्दर पहुँचा और अपना परिचय दिया तथा बैठने को कहा हम बैठने ही वाले थे कि शिक्षा विभाग अधिकारी टीकमगढ़ जो अपनी कुर्सी पर बैठे-बैठे काजू खा रहे थे। हम लोगों से एकाएक गुस्सा होकर बोले आपको किसने आने दिया मैं जिला शिक्षा अधिकारी हूँ। आप लोग बाहर जाईयेगा। इस प्रकार हम वरिष्ठ जनों का शिक्षा अधिकारी ने अपमान करते हुये कार्यालय से बाहर जाने को कहा गया और हम लोग अपमानित होकर बाहर आ गये।
अतः ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध करते है कि जिला शिक्षा अधिकारी टीकमगढ़ के इस कृत्य के लिये कार्यवाही करने की कृपा करें। अन्यथा हम वरिष्ठजन धरना पर बैठने के लिये बाध्य होगें।
ज्ञापन सादर प्रेषित।

Received 26/8/2025

राघवेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष प्रदेश | ए.पी. रैकवार, कार्यकारी अध्यक्ष, जिला–टीकमगढ़ (म.प्र.) | कैलाश नारायण सरवैया, अध्यक्ष, जिला–टीकमगढ़ (म.प्र.) | अब्दुल वहीद, जिला सदस्य

### कलेक्टर के शालीन सरल व्यवहार से नहीं ले सके शिक्षा जिले के शिक्षाधिकारी

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएसन मध्यप्रदेश के जिला शाखा अध्यक्ष कैलाश नारायण ने आहत होते हुए कहा कि जिस जिले में शालीन व सरल एबं व्यवहार कुशल कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय पदस्थ हो, उस जिले के जिला शिक्षाधिकारी इतने अव्यहारिक और अपमान से भरे कैसे हो गये। कलेक्टर श्रोत्रिय के कुशल व्यवहार से ही जिला शिक्षाधिकारी कुछ शिक्षा ले लेते। जिले के जिला शिक्षा अधिकारी पर बुजुर्ग पेंशनर्स का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष कैलाश नारायण नें कलेक्टर श्रोत्रिय को ज्ञापन सौंपा है। संघ ने मांग की है कि इस अमर्यादित आचरण के लिए तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए, अन्यथा वरिष्ठजन आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### कार्रवाई न होने पर पेंशनर्स संघ ने दी चेतावनी

वरिष्ठ पेंशनर्स का कहना है कि जिला शिक्षा अधिकारी का यह व्यवहार पूरी तरह अपमानजनक और अस्वीकार्य है। वे केवल अपनी समस्याओं का समाधान कराने गए थे, मगर उल्टे उन्हें बेइज्जत करके बाहर निकाल दिया गया। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो मजबूर होकर कार्यालय के बाहर पेंशनर्स संघ को धरना पर बैठना पड़ेगा। कलेक्टर श्रोत्रिय के नाम दिए ज्ञापन के दौरान जिला अध्यक्ष कैलाश नारायण सिरवैया सहित उपाध्यक्ष राधेन्द्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष एपी रैकवार और जिला सदस्य अब्दुल वहीद शामिल रहे।

शहर के कई स्थलों व घरो में दिखेगा आस्था, परंपरा व सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत संगम

# पहली बार नपा कार्यालय में भी बिराज रहे इकोफ्रेंडली विघ्नहर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



भाद्रपद मास का शुभारंभ होते ही संपूर्ण जिला व क्षेत्र भगवान गणेश की भक्ति में रंग गया है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में गणेश महोत्सव का आयोजन बड़े ही भव्य और पारंपरिक तरीके से किया जा रहा है। शहर की गलियां, चौक, मंदिर और पंडाल गणपति बप्पा की भक्ति में डूबे हुए हैं। इस वर्ष पहली बार नगर पालिका कार्यालय में भी इकोफ्रेंडली विघ्नहर्ता की स्थापना की जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए नपा सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया नें बताया कि नगर पालिका कार्यालय में विघ्नहर्ता की इकोफ्रेंडली मूर्ति की स्थापना की जा रही है।

बही शहर में और घरो में गणेश भगबान की स्थापना को लेकर कौशलपुरी कॉलोनी की गणेश समिति के सदस्य सूर्या खरे नें जानकारी देते हुए बताया कि नगर में इस बार लगभग 60 स्थानों पर विशाल गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इनमें कौशलपुरी कॉलोनी, छोटी देवी मंदिर, पुरानी टिहरी, पानी की टंकी किला, कटरा बाजार, अतूत की गली, भैरव मोहल्ला, पुलिस लाइन गणेश मंदिर और पीजी कॉलेज के पास बावरी गणेश मंदिर विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। गणेश महोत्सव के दौरान आयोजन समितियां दस दिनों तक सुंदरकांड पाठ, भजन संध्याएं, छप्पन भोग, महाआरती जैसे धार्मिक कार्यक्रम करा रही हैं। वहीं बच्चों और युवाओं के लिए डांस प्रतियोगिता, सांस्कृतिक मंचन और सामूहिक खेलकूद भी आयोजित किए जा रहे हैं। कौशलपुरी कॉलोनी में पिछले 15 वर्षों से निरंतर गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। समिति सदस्य सूर्या खरे ने बताया कि इस आयोजन में हर घर का योगदान होता है। यही वजह है कि कॉलोनी का बच्चा-बच्चा इसे अपना त्यौहार मानकर पूरे मन से जुड़ता है। सुबह-शाम आरती के समय पंडालों में भक्तों का तांता लग रहा है। महिलाएं मंगल गीत गा रही हैं, बच्चे झूम रहे हैं और युवाओं की टोली गणपति बप्पा मोरया के नारे लगाते हुए पूरे माहौल को जीवंत बना रही है। प्रशासन और पुलिस ने भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए विशेष इंतज़ाम किए हैं। यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने से लेकर साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था तक हर पहलू पर नज़र रखी जा रही है।

### एसपी मंडलोई ने पुलिस को बनाया बुजुर्गों का सहारा





**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 26 अगस्त का दिन आमजन के लिए राहत और विश्वास लेकर आया। इस दिन पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने न केवल नागरिकों की समस्याएँ सुनीं, बल्कि उनकी स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं का भी संवेदनशीलता से ध्यान रखा। और स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उन्हें दवाईयां भी दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुँचे बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कराया गया। शिविर में उपस्थित लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर स्तर और अन्य बुनियादी स्वास्थ्य जांच की गई। जांच में सामने आए लक्षणों के आधार पर आवश्यक दवाइयाँ भी मौके पर ही वितरित की गईं तथा चिकित्सकों ने उचित उपचार संबंधी परामर्श भी प्रदान किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति से व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याएँ भी जानीं। नागरिकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। इस अनूठी पहल ने यह संदेश दिया कि पुलिस प्रशासन केवल सुरक्षा का प्रहरी नहीं, बल्कि समाज के कमजोर और वंचित वर्ग का सच्चा सहारा भी है।

# किला हमारी पहचान है, जीर्णोद्धार में गुणवत्ता व मानको से समझौता स्वीकार नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

ऐतिहासिक किला हमारी पहचान और गौरव का प्रतीक है। इसलिए किले के जीर्णोद्धार कार्य में गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी मानकों के साथ समझौता स्वीकार्य नहीं है। इसी मुद्दे पर बिगत कई दिनों से समाजसेवी द्वारा अनशन किया जा रहा था। जिसको लेकर अब विवाद समाप्त हो गया है। जिले की ग्राम पंचायत दिगौड़ा में स्थित ऐतिहासिक किले की मरम्मत को लेकर बीते कई दिनों से चल रहा विवाद आखिरकार सुलझ गया। समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर ने मंगलवार रात अपना अनशन समाप्त कर दिया। पीडब्ल्यूडी एसडीओ पीके जैन और दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा मौके पर पहुंचे और उन्हें जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया।

**प्रशासन के लिखित आश्वासन पर समाजसेवी पस्तोर का अनशन समाप्त**

### मानकों के अनुसार हो काम

समाजसेवी पस्तोर ने पिछले मंगलवार 19 अगस्त को किले के मैदान के पास आमरण अनशन शुरू किया था। उनकी मुख्य मांग थी कि ऐतिहासिक किले के मुख्य द्वार की मरम्मत गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी मानकों के अनुसार की जाए। बताया जाता है कि पिछले महीने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दिगौड़ा किले का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद कलेक्टर श्रोत्रिय ने किले के मुख्य द्वार की मरम्मत के लिए 3 लाख 7 हजार रुपए की राशि मंजूर की थी। लेकिन समाजसेवी पस्तोर का आरोप था कि पीडब्ल्यूडी इंजीनियर ने गलत एस्टीमेट तैयार किया है। मरम्मत कार्य में पिलर और बीम का सपोर्ट शामिल ही नहीं किया गया, जबकि ठेकेदार बिना किसी मजबूत संरचना के सिर्फ सीमेंट से काम चला रहा था। इस लापरवाही को लेकर समाजसेवी पस्तोर ने 4 अगस्त को कलेक्टर श्रोत्रिय और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा था। इसके बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने अनशन का रास्ता चुना। तब मंगलवार 28 अगस्त की रात करीब पौने 9 बजे पीडबल्यूडी एसडीओ पीके जैन और थाना प्रभारी मनीष मिश्रा मौके पर पहुँचे। उन्होंने समाजसेवी को विश्वास दिलाया कि किले की मरम्मत कार्य पूरी तरह गुणवत्तापूर्ण होगा और आवश्यकतानुसार पिलर व बीम का उपयोग किया जाएगा। अधिकारियों ने यह आश्वासन लिखित रूप से भी दिया। इसके बाद पस्तोर ने अपना अनशन समाप्त करते हुए कहा कि वे जनता की धरोहर की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे थे। किला हमारी पहचान है, इसे कमजोर निर्माण से बर्बाद नहीं होने देंगे।

सुरक्षित और सुव्यवस्थित गणेश उत्सव का खाका किया तैयार

# संयुक्त निरीक्षण कर कलेक्टर व एसपी ने रखा अधिकारियों को अलर्ट मोड पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

धार्मिक उत्सवो के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कोई भी किन्तु परन्तु को नहीं माना जायेगा। सीधी कार्यवाही की जाएगी। उक्त सख्त निर्देश कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एबं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बिभागीय अधिकारियो को दिए। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने आगामी गणेश उत्सव को लेकर सुरक्षा तथा मूलभूत सुविधाओं की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए प्रत्येक परिस्थिति को लेकर अलर्ट मोड पर रहने के लिये निर्देशित किया है। मंगलवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई ने शहर में गणेश प्रतिमा स्थापना स्थलों और विसर्जन स्थलों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियो को कड़े दिशा निर्देश भी दिए गये।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने साफ-सफाई, बिजली आपूर्ति, पीने का पानी और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नगरपालिका प्रशासन सहित संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बही एसपी मंडलोई ने सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा कर संबंधित पुलिस अधिकारियों को हर समय मुस्तैद रहने और किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया। संयुक्त निरीक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, एसडीएम टीकमगढ़, एसडीओपी राहुल कटरे, नगरपालिका सीएमओ ओपी भदौरिया, थाना प्रभारी कोतवाली उपेंद्र छारी, तहसीलदार टीकमगढ़ सहित पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी भी शामिल रहे। कलेक्टर श्रोत्रिय और एसपी मंडलोई ने स्पष्ट रूप से कहा कि गणेश उत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ ही पूरी सुरक्षा और सुव्यवस्था में संपन्न होना चाहिए, इसके लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित बिभागों के अधिकारी व कर्मचारी हर समय मुस्तैद रहने चाहिए। किसी भी गड़बड़ी की आशंका होने पर तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिए। अगर इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही दिखाई दी तो किसी भी किन्तु परन्तु को न मानते हुए संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## बारिश में संजीवनी क्लीनिक बन जाता है टापू

# लापरवाही से शासन की 25 लाख की निर्माण राशि डूबी पानी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जनता की सुविधा के लिए बनाई गई संजीवनी क्लीनिक खुद बीमार हाल में है। शहर में 25-25 लाख रुपये की लागत से चार संजीवनी क्लीनिक बनाए गए, लेकिन वार्ड क्रमांक 2 में महेंद्र सागर तालाब के बायपास पर निर्मित क्लीनिक आज भी पानी से घिरा हुआ है। यह स्थिति प्रत्येक बारिश में बन जाती है। जिससे मरीजों का क्लिनिक में पहुंचना नामुमकिन हो जाता है। बारिश शुरू होते ही क्लीनिक भवन तालाब के पानी में डूब गया। हालात यह हैं कि न तो मरीज पहुंच पा रहे हैं, न ही स्वास्थ्यकर्मी।

आने-जाने के लिए कोई रास्ता तक मौजूद नहीं है। आसपास की मिट्टी भराई और ऊँचाई का काम कभी हुआ ही नहीं, नतीजा यह कि हर साल बरसात में यह क्लीनिक तालाब का हिस्सा बन जाता है। इलाके के लोग कहते हैं कि जिस क्लीनिक को स्वास्थ्य सुविधा का केंद्र बनना था, वह अब मछलियों और कीचड़ का घर बन गया है। बरसात के दिनों में यह पूरी तरह बंद पड़ा रहता है। स्थानीय लोग मजबूरी में निजी क्लीनिक या सरकारी अस्पताल की ओर रुख करते हैं। शहर के नागरिकों ने सवाल उठाया है कि जब इतनी बड़ी राशि खर्च हुई तो योजना बनाते समय क्लीनिक की लोकेशन और भू-आकृति क्यों नहीं देखी गई? आखिर किसकी जिम्मेदारी है कि जनता के पैसे से बनी इमारत तालाब में डूबकर बेकार हो जाए। यह समस्या कोई पहली बार नहीं हुई। हर साल बरसात में यही हाल रहता है। लेकिन संबंधित बिभाग अधिकारियो ने आज तक न तो क्लिनिक के आसपास की निचली जमीन की भराई कराई, न ही क्लीनिक तक पहुंचने के लिए रास्ता बनाया।

## एसपी मंडलोई के निर्देशन में महिला सेल प्रभारी पहुंचीं ग्राम तखा

# सुरक्षा व शिक्षा से उज्जवल करना है मासूम मुस्कानो को: रानू विश्वकर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

महिलाओ, बालिकाओं व बच्चो की सुरक्षा व शिक्षा सहित समाजिक मुद्दों को लेकर संवेदनशील पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में महिला सेल प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा अपनी प्रकोष्ठ के साथ ग्राम तखा पहुंची जहाँ महिला समानता दिवस के अवसर पर परी अभियान को लेकर विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें परी अभियान के तहत बच्चों को गुड टच व बैड टच की सरल एवं सहज जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने की प्रेरणा दी गई। साथ ही सहारा अभियान के अंतर्गत ग्राम की महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया।





### मासूमों को टॉफी बिस्कुट देकर मासूमियत अंदाज में दुलारकर किया जागरूक

ग्राम तखा में एसपी मंडलोई के निर्देश अनुसार आयोजित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही महिला सेल प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा के साथ महिला आरक्षक कीर्ति बुंदेला एवं मानसी तिवारी ने पहले मासूम बच्चो के बीच जाकर उन्हें टॉफी और बिस्कुट देकर उनको दुलार किया और फिर मासूम बच्चो को मासूमित भरे अंदाज में ही परी अभियान के तहत गुड टच व बैड टच की सरल एवं सहज जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें जागरूक किया। इसके अलावा बच्चो को खेल खेल में प्रेरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने की प्रेरणा दी गई। जिससे बच्चे अपना भविष्य उज्वल कर सकें। शिक्षा के महत्व को उजागर करते हुए बच्चो को बताया गया कि शिक्षा ही उज्जवल भविष्य की सफल कुंजी है। कार्यक्रम को रोचक बनाते हुए बच्चों को बिस्किट वितरित किए गए, जिससे उनमें उत्साह एवं आत्मीयता का संचार हुआ।

### समाज को संवारने और सशक्त बनाने में महिला शक्ति की होती है विशेष भूमिका

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की मंशानुसार महिला प्रकोष्ठ द्वारा ग्राम तखा में सहारा अभियान के अंतर्गत ग्राम की महिलाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओ की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। और तत्काल हल होने बाली समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीण महिलाओं को पुलिस विभाग की महिला प्रकोष्ठ द्वारा यह समझाइश दी गई कि बच्चों को विद्यालय भेजना ही उनके जीवन को संवारने और समाज को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। साथ ही महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया कि वे शिक्षा को ही परिवार की प्राथमिकता बनाएं। क्योंकि शिक्षा से ही बच्चो और परिवार का भविष्य संवारा जा सकता है। इस जागरूकता कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक विवेक त्रिपाठी, महिला सेल से प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा, महिला आरक्षक कीर्ति बुंदेला एवं मानसी तिवारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने ग्रामवासियों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई।

नाले निर्माण के बाद सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे बिजली के पोल

# भवनों को तो तोड़ दिया,अब बीच रोड पर आए बिजली पोल कौन हटाएगा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

एनएचआई द्वारा पाली रोड जाट खेड़ा के पास से शिवपुरी रोड ईको सेंटर तक सड़क चौड़ीकरण और रोड साइड दोनों ओर नाले बनाने का काम किया जा रहा है। यह काम 80 फीसद तक पूरा हो भी गया है। इस काम में अड़चन बन रहे निजी और सरकारी भवनों के पक्के अतिक्रमण को तोड़कर सड़कों का चौड़ीकरण तो कर दिया गया है लेकिन सड़क चौड़ीकरण के बाद कई बिजली के पोल बीच रोड पर आ गए हैं जो यातायात में बाधा बने हुए हैं इन बिजली के पोलो को कौन शिफ्ट करेगा फिलहाल इस बात पर सभी ने चुप्पी साधी हुई है। बिजली विभाग की बात करें तो बिजली कंपनी बिना पैसा लिए एक भी पोल शिफ्ट करने के मूड में नहीं है इसके लिए वह पोल शिफ्टिंग के आवेदन का इंतजार कर रही है। एनएचआई के अफसर सिर्फ सड़क ओर नाला निर्माण का अनुबंध होने की बात कह कर पल्ला झाड़ रहे हैं तो नगरपालिका इस मामले से खुद को दूर बनाए हुए है क्योंकि उसके पास न तो पोल शिफ्टिंग कराने के लिए पैसा है और न वह इस काम के लिए पैसा खर्च करना चाहती है।

सड़क और नाला निर्माण के बाद शहर के भीतर कई बिजली के पोल ऐसे आ गए हैं जो सड़क चौड़ीकरण के बाद नाले से करीब 5 से 8 फीट दूरी पर लगे हुए हैं। बीच रोड पर आ गए इन पोलो के कारण यातायात बाधित हो रहा है। कई जगह तो बिजली के पोलो का इस्तेमाल कचरा डालने वाले स्थान के रूप में किया जा रहा है। जिनमें पाली रोड मेला ग्राउंड के बाहर चार खंबा पर लगी डीपी है यहां पर नगर पालिका ने खुद पोलो के बीच खाली पड़ी जगह को कचरा घर बन गया हुआ है। लोग कचरा यही पटक रहे हैं नगर पालिका के कर्मचारी कभी कचरा उठा कर ले जाते हैं कभी दिन भर पड़ा रहता है जिसके कारण बदबू से बाजार का माहौल खराब बनाए रखती है। इसी तरह और भी कई स्थान है जहां पर सड़क चौड़ीकरण के बाद बिजली के पोल बीच रोड पर आ गए हैं इन बिजली के पोलो को शिफ्ट करने के लिए लोगों ने कलेक्टर अर्पित वर्मा से मांग की है कि बिजली के पोल बीच रोड पर लगाए जाएं ताकि शहर के सुंदरता में चार चांद लगे दिखाई पड़े।




### महा नगर तर्ज पर लगेगी लाइटिंग

भले ही बीच रोड पर आ गए पोल शिफ्टिंग के मामले में नगर पालिका एनएचआई और बिजली विभाग आपस में उलझ रहे हो लेकिन जिला प्रशासन ने इस रोड पर सभी पोलो को इस तरह शिफ्ट करने की योजना बना ली है जिससे श्योपुर जिला मुख्यालय की सूरत महानगरों जैसी दिखाई पड़े। दरअसल कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जाटखेड़ा से इको सेंटर तक बिजली के पोल बीच रोड पर नए डिजाइन के साथ लगाने के लिए प्लानिंग कर ली है जिसके तहत बिजली के पोल इस तरह लगाए जाएंगे ताकि बाहर से शहर में प्रवेश करने वाले लोगों को लगे कि वह किसी जिला मुख्यालय पर पहुंच रहे हैं अब यह पोल एनएचआई शिफ्ट करेगी या कोई और एजेंसी फिलहाल जानकारी नहीं है लेकिन जिस तरह कलेक्टर योजना बना रहे हैं उससे लगता है कि रोड बनने के बाद यह काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

### नपा बाईपास पर शिफ्ट नहीं करा पाई पोल

नगर पालिका ने शिवपुरी रोड जिला अस्पताल के पास से पाली रोड एफसीआई गोदाम के सामने तक बायपास रोड का चौड़ीकरण तो कर दिया लेकिन इस चौड़ीकरण में बिजली के पोल बीच रोड पर आ गए जिसके कारण रोड का चौड़ीकरण होना न होना बराबर हो रहा है। नगर पालिका ने पोल शिफ्टिंग की योजना भी बनाई लेकिन यह योजना फंड के अभाव के चलते कागजों में ही सीमित रही। बिजली कंपनी के नगर पालिका को एस्टीमेट बनाकर दे दिया है, जब नपा स्टीमेट मुताबिक पैसा जमा कर देगी बिजली कंपनी पोल शिफ्ट कर देगी। एक साल बीतने पर भी पैसे के अभाव में पोल शिफ्ट नहीं हो पाए हैं। प्रश्न ही उठ रहा है कि जब नगर पालिका अपने स्वामित्व वाले बायपास रोड पर पोल शिफ्टिंग नहीं कर पा रही है तो फिर नेशनल हाईवे जो नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में भी नहीं आता है वहां पोल शिफ्टिंग के लिए पैसा क्यों खर्च करेगी।

अलग अलग थाना क्षेत्रो में हुई तीन घटनाए,पुलिस ने शुरू की जांच

# दो लोगों की सर्पदंश के चलते मौत, तो एक की करंट लगने से चली गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रो में हुई तीन घटनाओं में तीन लोगों की जान चली गई। दो लोगों की मौत तो सर्पदंश के चलते हुई है। जबकि एक युवक की जान करंट लगने से जाने का अंदेशा पुलिस ने जताया है। फिलहाल पुलिस ने तीनों मामलो में मर्ग दर्ज कर जांच पडताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि करंट लगने से मौत की घटना आवदा थाना क्षेत्र के गांव नयागांव की है। जहां कमलेश 38 वर्ष पुत्र फागू आदिवासी निवासी निमोदामठ नदी किनारे शमशान घाट के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में पडा मिला है। जिसकी मौत करंट से होने का अंदेशा है। जबकि सर्पदंश के चलते मौत होने की घटना मानपुर थाना क्षेत्र के गांव फूलदा की है। जहां फूलदा निवासी रामहेत 60 वर्ष पुत्र कल्लूराम गुर्जर की उसके खेत पर सर्पदंश के चलते मौत हो गई। उधर सेसईपुरा थाना क्षेत्र स्थित गांव निचलीखोरी गांव में कनीराम 20 वर्ष पुत्र हरि आदिवासी को रात्रि के दौरान सांप ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

कांग्रेस ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# श्योपुर मेडिकल कॉलेज का नामकरण ज्योतिबा फुले के नाम पर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भारतीय इतिहास में शिक्षा के अग्रदूत माने जाने वाली ज्योतिबा फुले के नाम पर मेडिकल कॉलेज श्योपुर का नामकरण करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा है, इस दौरान अन्य मांगों को लेकर भी ज्ञापन सौंपा गया। सरकारी स्तर पर निराकरण होने वाला ज्ञापन जहां मुख्यमंत्री के नाम सोपा वही सरकारी स्तर पर शिकायत को लेकर ज्ञापन राज्यपाल के नाम अथवा स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए इस दौरान पूर्व से स्वीकृति लेने पर अवकाश के दिन कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने वहां मौजूद कर्मचारियों को ज्ञापन सोपा। जिनमें एक ज्ञापन प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को लेकर था जो राज्यपाल के नाम सोपा गया जिसमें उल्लेख है कि कोर्ट के निर्देश के बाद प्रदेश में ओबीसी आरक्षण 27 फीसद लागू किए जाने की घोषणा सरकार ने कर तो दी है लेकिन वह लागू नहीं की जा रही है। अदालत के निर्देश अनुसार प्रदेश में ओबीसी आरक्षण लागू नहीं होने पर कांग्रेस सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी दूसरा आवेदन नागदा में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का नामकरण को लेकर था जिसमें उल्लेख किया गया है कि शिक्षा के अग्रदूत ज्योतिबा फुले के नाम से मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया जाए ज्योतिबा फुले के मानने वाले श्योपुर जिले में बहुत अधिक है, हालांकि वह हर समाज हर धर्म के लिए प्रेरणादाई है लेकिन वह जिस समाज से जाति से हैं उस जाति के लोग भी जिले में बाहुल्य संख्या में है ऐसी स्थिति में इस जाति का सम्मान रखने के लिए मेडिकल कॉलेज का नामकरण ज्योतिबा फुले के नाम पर रखा जाए। स्थानीय समस्या के निराकरण के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश नाम ज्ञापन सोपा गया है इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष हर गोविंद जौहरी प्रदेश सचिव एडवोकेट योगेश जाट ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरेशी वरिष्ठ भाजपा कांग्रेस नेता हंसराज मीणा पार्षद सुमेर सिंह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा आदि मौजूद रहे।

# नशेड़ियों का अड्डा बना नैरोगेज रेलवे स्टेशन, लूट पाट का अंदेशा

**आसपास के लोगों ने की पुलिस की तैनाती की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अनुपयोगी हो चुका श्योपुर नैरोगेज रेलवे स्टेशन इन दिनों नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। स्टेशन का ऐसा कोई स्थान बाकी नहीं जहां नशेड़ी नशा न करते हो। नशेड़ियों के नशा करने के चलते क्षेत्र में लूटपाट का अंदेशा भी बढ़ गया है। खासकर इस क्षेत्र में रहने वाली महिलाएं और बच्चियों को लेकर लोग डरे हुए है। इस मामले में बस्ती वासियों ने एसपी वीरेंद्र जैन से नैरोगेज रेलवे स्टेशन पर पुलिस तैनाती की मांग की है।

बता दे कि वर्ष 2020 कोरोना काल के समय से बंद हुई रेल सेवा दोबारा शुरू नहीं हो सकी। तब से ही इस ट्रैक पर रेलगाड़ी नहीं आ सकी है। इस ट्रैक पर नैरोगेज का अमान परिवर्तन होकर ब्रॉड गेज में तब्दील हो रहा है जिसके चलते यह स्टेशन अनुपयोगी हो गया है बीच बाजार में होने के बावजूद यह स्टेशन नशेड़ियों को एकांतवास उपलब्ध कराता है। खासकर शराब का सेवन करने वालों के लिए तो यह किसी बार से काम नहीं है हिंदू धर्मशाला के सामने शराब की दुकान से शराब खरीदने के बाद नशेड़ी यहीं आकर आराम से पेग बनाकर पीने का आनंद लेते हैं देर रात तक बिगड़ेल युवर यहां बीयर की बोतल खाली कर पटरियों पर फेंक कर चले जाते हैं एक तबका ऐसा भी है जो स्मैक का सेवन का आदी है बड़ी संख्या में स्मैक के लिए उपयोग की गई सिरिंज एविल वाइल यहां खाली पड़ी मिल जाएगी। हालांकि नशा करने को लेकर आम जनता को परेशानी भी नहीं है परेशानी तो रेलवे विभाग को होना चाहिए जो अपनी प्रॉपर्टी का संरक्षण भी नहीं कर पा रहा है। लेकिन इस स्टेशन से होकर अपने घर गुरुद्वारा बस्ती, पटवारी कॉलोनी में रहने वाले लोगों को शाम पढ़ते ही यहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है महिलाओं और बच्चियों को तो लोग अब इस बस्ती के लोग स्टेशन के बजाए ब्लॉक कॉलोनी में होकर ही बाजार भेजने लगे लोगों ने रेलवे स्टेशन पर नशेड़ियों का जमावड़ा समाप्त करने और होने वाली लूटपाट को रोकने के उद्देश्य एसपी वीरेंद्र जैन से मांग की है कि वह रेलवे स्टेशन के भीतर 24 घंटे पुलिस की तैनाती करें जो असामाजिक तत्वों को वहां एकत्रित न होने दें और मां बहन बेटियों को आने जाने में परेशानी ना हो। अन्यथा इस स्थान पर कभी भी नशेड़ियों की करतूत के चलते लूट पाट छेड़छाड़ की घटना निर्मित हो सकती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यहां पुलिस की मौजूदगी होगी तो नशेडियों में कार्रवाई का डर निर्मित होगा और वे यहां आने से कतराने लगेंगे।

# पेंशन प्रकरण निराकरण के लिए नई व्यवस्था को न किया जाए लागू



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के पेंशनरों ने पेंशन मामलों को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया है। जिसमें पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए लागू की जा रही नई व्यवस्था को लागू न करते हुए वर्तमान व्यवस्था को ही लागू रहने देने की मांग की है। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के श्योपुर जिलाध्यक्ष कमल सिंह गौतम की अगुवाई में डिप्टी कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए वर्तमान में जो व्यवस्था है,उसके मुताबिक पेंशन प्रकरणों का निराकरण करने में तीन से चार माह का समय लग रहा है। लेकिन प्रेंशन प्रकरण निराकरण के लिए जो राज्य स्तरीय नई व्यवस्था बनाई जा रही है,उसमें पेंशन प्रकरणों के निराकरण करने में विलंब होगा। विलंब की अवधि एक साल तक भी पहुंचने का अंदेशा है। जिसकारण पेंशनरों की परेशानी बढेगी। ज्ञापन में मांग की है कि नई व्यवस्था को लागू न करते हुए वर्तमान में चल रही पेंशन निराकरण की व्यवस्था को ही लागू रहने दिया जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान डॉ ओपी टक्साली, बंशीधर शर्मा,शिशुपाल सिंह रावत ,अमर सिंह सोलंकी, रामबाबू शर्मा ,लाल सिंह सिकरवार,जनार्दन सिंह कुशवाहा ,बाबूलाल आर्य ,भूपेंद्र सिंह तोमर ,भरोसी लाल अटेरिया ,भरोसी लाल शर्मा,राधा रमन शर्मा ,एम के कुरैशी, शकील कुरेशी ,राम प्रसाद शर्मा ,मोहन सिंह ,राम प्रसाद गोरसिया आदि उपस्थित थे

### 2.20 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

श्योपुर। श्योपुर जिले में 27 अगस्त को 2.20 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख के मुताबिक 27 अगस्त को श्योपुर, बडौदा एवं वीरपुर में शून्य है, जबकि कराहल में 4 एवं विजयपुर में 7 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 1303.78 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 1039.78 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

# संदिग्ध हालत में रात को घर से लापता हो गई किशोरी, अपहरण का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रघुनाथपुर कस्बे में एक 16 वर्षीय किशोरी रात्रि के दौरान अपने घर से लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का कोई अता पता नहीं है। परिवार के लोगों ने अपहरण का अंदेशा जाहिर करते हुए रघुनाथपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रघुनाथपुर थाना पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

रघुनाथपुर थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि रघुनाथपुर निवासी सपना जंगम 16 वर्ष पुत्री जगमोहन जंगम मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को अपने घर से लापता हो गई। जिसका पता परिवार के लोगों को सुबह नींद खुलने पर चला। परिवार के लोगों ने इस मामले की रिपोर्ट थाने आकर दर्ज कराई। इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। साथही आसपास के सभी थानों को भी इस संबंध में सूचित कर दिया गया है।

### इधर युवक को लाठी डंडों से पीटा

कराहल कस्बे के पकोडिया सहराने में एक युवक की नामजद आरोपियों ने लाठी डंडो से मारपीट कर दी है। कराहल थाना पुलिस ने बताया कि पकोडिया सहराना निवासी राजू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि महिला को रखने संबंधी बात को लेकर करन,सूरज, शक्ति आदिवासी ने एक राय होकर लाठी डंडो से मिलकर मारपीट कर दी। जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# बंजारा डेम के ऊपर बनेगा ट्रांसपोर्ट नगर,टेंडर प्रक्रिया करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर का नवीन ट्रांसपोर्ट नगर बंजाराडेम के ऊपर प्रस्तावित जगह पर बनाया जाएगा। बुधवार को एडीएम रूपेश उपाध्याय ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में नवीन ट्रांसपोर्ट का निर्माण कार्य बंजारा डैम के ऊपर कराये जाने के संबंध में नपा अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की गई। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा यश जैन, नगरपालिका के सब इंजीनियर एके गुप्ता, उपयंत्री पवन गर्ग, मनोज सिंहल सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।

इसी क्रम में नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग द्वारा बंजारा डैम के ऊपर ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने के लिए विधिवत ऑनलाइन टेण्डर प्रक्रिया करने के निर्देश दिये गये है। उन्होने बताया कि बंजारा डैम के ऊपर लगभग 6 हेक्टयर भूमि पूर्व में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए आंवटित की गई थी, ट्रांसपोर्ट नगर में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के संबंध में नपा के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है तथा इसके लिए टेण्डर प्रक्रिया संचालित करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये है। उन्होने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में सडक, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी, इसके साथ ही पेट्रोल पम्प, बैंक आदि की सुविधाएं भी अगले चरण में विकसित की जायेगी।

शहर सहित जिलेभर में धूमधाम से मना भगवान गणेश का जन्मोत्सव

# घर-घर विराजे विघ्न विनाशक, सजे दरबार गणेश मंदिरों पर दर्शनों को लगी लंबी कतारें



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विघ्न विनाशक भगवान श्री गणेश का जन्मोत्सव बुधवार को शहर समेत जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न गणेश मंदिरों पर पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। वहीं शहर में कई स्थानों पर भगवान श्री गणेश के दरबार सज गए है। जहां चल समारोह निकालकर भगवान गणपति की प्रतिमा स्थापित की गई।

शहर के टोडी बाजार स्थित गणेश मंदिर, चौपड़ गणेश मंदिर सहित शहर के अनेक छोटे-बडे मंदिरों पर आज विशेष सजावट की गई। यूं तो नगर के सभी मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, किन्तु टोडी गणेश मंदिर पर धर्मप्रेमी लोगों की भीड़ इस कदर उमड़ी कि श्रद्धालुओं को दर्शनों एवं पूजा-अर्चना के लिए लंबी-लंबी कतारों में लगना पड़ा। तब कहीं जाकर श्रद्धालु गणेशजी की पूजा कर पाए। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर गणेशजी की प्रिय मिठाई लड्डुओं (मोदक) का भोग लगाया। इसके अलावा घर-घर में भी भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर उनका आव्हान किया और लड्डुओं का भोग लगाया। टोडी गणेश मंदिर सहित कई मंदिरों पर झांकियां भी लगाई जाएंगी। आज गणेशजी की शोभायात्रा निकालकर उन्हें निर्धारित जगहों पर स्थापित किया गया। गणेश मंदिरों पर दिनभर गणपति बप्पा मोरिया, देवा ओ देवा गणपति देवा,जय गणेश-जय गणेश देवा आदि धार्मिक गीत वातावरण में गुंजाइमान होते रहे। उधर बाजार में बड़ी संख्या में लड्डुओं की दुकाने लगी। अधिकतर मिष्ठान भंडारों की दुकान पर सिर्फ लड्डुओं की ही बिक्री हुई तो मंदिरों के पास बड़ी संख्या में हाथ ठेलो और थड़ो पर भी लड्डुओं की दुकाने लगाई गई। भगवान गणेशजी को भोग लगाने के बाद लड्डुओं का वितरण मंदिर के बाहर खड़े भक्तों और बच्चों में किया गया।



### 10 दिनों तक चलेगा उत्सव

गणेश चतुर्थी के दिन ही शहर सहित जिले भर में युवाओं और धार्मिक संगठनों ने गणेश जी के दरबार सजा दिए हैं जहां बाहर से लाई गई गणेश जी की आकर्षक मूर्ति पूजा अर्चना के बाद स्थापित कर दी इन दरबारो में रोजाना धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिला मुख्यालय की बात करें तो यहां करीब आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों पर गणेश जी के दरबार सजाए गए हैं बड़ौदा में भी इतने ही स्थान पर झांकियां सजाई गई है। जहां रोजाना कार्यक्रम आयोजित करने के बाद अनंत चतुर्थी को मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा।




# छिमछिमा हनुमान मंदिर पर आया 4 लाख 68 हजार रुपए का चढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयपुर

विजयपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर पर शनिवार को आयोजित विशाल धार्मिक मेला शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। इस दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने इस मेले में शामिल होकर हनुमान जी महाराज को ढोक लगाई। साथही अपनी श्रद्धानुसार चढावा भी चढाया। मंदिर पर आए इस चढावे की बुधवार को राजस्व विभाग और मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा गिनती की गई। इस दौरान 4 लाख 68 हजार 840 रूपए का नगद चढावा आया है। वहीं कुछ चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान भी श्रद्धालुओ के द्वारा हनुमान जी महाराज को चढाया गया है।

बुधवार को छिमछिमा हनुमान मंदिर परिसर में चढावे की गिनती की काम तहसीलदार अमिता सिंह तोमर की देखरेख और मंदिर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में शुरू हुआ। तहसीलदार विजयपुर अमिता सिंह तोमर ने बताया कि मंदिर के चढावे के दौरान 4 लाख 68 हजार 840 रूपए की नकद राशि आई है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में इस राशि को मंदिर ट्रस्ट के खाते में जमा कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ग्राम अगर्रा के ग्राम रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

**शिवपुरी।** जला पंचायत शिवपुरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन द्वारा जनपद पंचायत पोहरी के ग्राम अगर्रा के ग्राम रोजगार सहायक सुरेंद्र कुमार वर्मा की सेवाएँ समाप्त कर दी गई हैं। यह कार्यवाही प्रधानमंत्री जनमन आवास अंतर्गत मनरेगा की मजदूरी का समय पर भुगतान न करने और गंभीर अनियमितताओं के चलते की गई है। जाँच में पाया गया कि तृतीय किस्त के अंतर्गत 62 आवासों में निर्धारित 90 दिवस के स्थान पर 30 दिवस से कम मजदूरी का भुगतान किया गया। इसी प्रकार द्वितीय किस्त में 54 आवासों को 60 दिवस के स्थान पर 30 दिवस से कम भुगतान हुआ तथा प्रथम किस्त के अंतर्गत 31 आवासों में मजदूरी का भुगतान शून्य पाया गया। बार.बार निर्देश और आदेशों के बावजूद ग्राम रोजगार सहायक द्वारा 125 आवासों में मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। इस लापरवाही और पदीय कर्तव्यों में अनियमितता को गंभीर कदाचरण की श्रेणी में पाते हुए उनके विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही की गई है।

### लोक अदालत की वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शिवपुरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की जन जागरूकता हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी एवं विशेष न्यायाधीश अशोक कुमार शर्मा ने आज मंगलवार को वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगणए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी रंजना चतुर्वेदीए चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल आलोक श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार एवं लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण होकर अधिक से अधिक पक्षकार लाभान्वित हो सके इसलिए वाहन रैली का आयोजन किया गया।

### भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाओं का सम्मेलन 28 को

**शिवपुरी।** भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाओं का सम्मेलन का आयोजन शिवपुरी में किया जा रहा है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सतविंदर सिंह ने बताया कि भूतपूर्व सैनिकए सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के साथ सम्मेलन बैठक 28 अगस्त को 11 बजे शिवपुरी के जय हिन्द इन्टरप्राजेज, फिजिकल थाने के पास आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में भूतपूर्व सैनिकों को शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता एवं अन्य हितों की जानकारी के साथ.साथ उनकी पेंशन, परिवार पेंशन, कैंटीन, चिकित्सा एवं अन्य समस्याओं के समाधान पर चर्चा की जायेगी। भूतपूर्व सैनिकए सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस अवसर का लाभ लें।

### युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम 28 को शिवपुरी में आयोजित

**शिवपुरी।** सूक्ष्मए लघु व मध्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा प्रत्येक माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, उच्च शिक्षा विभागए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 28 अगस्त को प्रातः 10 बजे से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है। रोजगार अधिकारी ने बताया कि निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां जैसे भगवती प्रोडक्ट, एमआरएफ, टाटा मोटर्स, स्वराज महिन्द्रा, टेनिको, राईस सहित कई कंपनी शामिल होंगी।

## मामला रन्नोद संकुल केंद्र के शासकीय एकीकृत डगपिपरी में पदस्थ शिक्षिका का

# मशहूर गायिका कलाकार सरकारी कागजों में शिक्षिका बनी, 12 साल से ले रही पगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रन्नोद

शिक्षा विभाग में एक शासन की खाजने को चूना लगाने वाला कारनामा सामने आया है, स्थिति यह है कि रन्नौद संकुल के शासकीय एकीकृत स्कूल में एक छिंदवाड़ा की मशहूर गायिका कलाकार सरकारी कागजों में शिक्षिका बन कर 12 साल से सरकारी पगार ले रही है। जबकि वह स्कूल में नियमित न आकर अपनी गायका की भूमिका निभा रही हैं। साथ ही स्कूल में शिक्षिका बातौर पदस्थ होकर हर माह वेतन उठा रही हैं। बताना होगा कि बदरवास विकास खण्ड के अंतर्गत संकुल केंद्र रन्नोद के एक सरकारी स्कूल में छिंदवाड़ा की मशहूर गायिका कलाकार पिछले 12 वर्षों से कागजों में सरकारी शिक्षिका बनी बैठी थी रन्नोद के वर्तमान से लेकर पूर्व के प्राचार्य इतने मेहरबान थे कि पिछले 12 वर्षों से उसका हर माह वेतन भी आहरण होता रहा जब इस संबंध में गाँव के स्थानीय लोगों से इस सरकारी शिक्षिका के बारे में पूछा तो उनका कहना है हमने इसको कभी स्कूल में आते देखा ही नहीं। जानकारी के अनुसार पीएम श्री शासकीय उच्चतर हायर सेकेंडरी स्कूल संकुल के अंतर्गत आने वाले एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय डगपीपरी में पिछले 12 वर्षों से सरकारी कागजों में पदस्थ रुपाली जंगेला जिसकी प्रथम नियुक्ति मार्च 2014 में शासकीय स्कूल डगपीपरी में हुई थी।



### छिंदवाड़ा में गायक कलाकर एकीकृत शाला से ले रही है शासकीय पगार

*संकुल केंद्र के अधिकारीयों का भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण यह हैं कि उसको छिंदवाड़ा में भजन प्रोग्राम करने का मानदेय रन्नोद संकुल केंद्र के पद पर बैठे भ्रष्ट अधिकारी दे रहे थे जबकि सच्चाई यह हैं कि रुपाली जंगेला ने कभी भी स्कूल जाकर नहीं देखा और न ही गाँव के लोगों ने उसको देखाए, उसके वेतन आहरण में सीएसी से लेकर संकुल प्राचार्य और अधिकारियों की कमीशनखोरी साफ साफ जाहिर होती है। रूपाली के खाते में फ र्जी तरीके से लाखों रुपये के वित्तीय आहरण में संकुल केंद्र से जिले तक के अधिकारी शामिल हैं स्थानीय लोगों की मांग है कि लाखों के हुए भृष्टाचार की उच्च स्तरीय जाँच होनी चाहिये और जिस अधिकारीए कर्मचारीए बाबू इस वित्तीय घोटाले में संग्लिपता पाई जाए उससे लाखों रुपये की वसूली की जानी चाहिए। और उनकी सेवाएं समाप्त कर देनी चाहिए।*

### इनका कहना हैं

*मैं छिंदवाड़ा में गायक कलकार हूँ मेरा अभी जून माह में ट्रांसफर हो गया है मेरा लास्ट वेतन 34000 रुपए दिया गया था। जिसकी आप संकुल से पुष्टि कर ले।*

**रुपाली जंगेला**, शासकीय सहायक अध्यापक डगुपिपरी।

### इनका कहना हैं

*मैं डगपिपरी का पार्षद हूँ मुझे अच्छे से पता हैं यहाँ कौन कौन शिक्षक पदस्थ है, जो आप नाम रूपाली जंगेला बता रहे हैं। हमारे यहाँ स्कूल में कभी नहीं आई।*

**रणवीर चंदेल**, पार्षद डगपिपरी नगर परिषद रन्नोद

### इनका कहना है

*मामला आपके संज्ञान में आया है, यदि ऐसा है तो आप मुझे पूरी जानकारी लिखित में भेजे में जो भी दंडात्मक कार्यवाई होगी, वह की जाएगी।*

**विवेक श्रीवास्तव**, जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी।

# घर के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण पार करने वाले बेटे का पुलिस ने पर्दाफाश कर दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

बैराड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरोद रोड़ पर रहने वाले मनोज धाकड़ के धर ताला तोड़कर चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका बेटा ही चोर निकला है। इसका मंगलवार को पुलिस ने पर्दाफास कर चोरी गया सामान बरामद कर लिया है। बताना होगा कि अपने ही घर में बेटा ने उस वक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया जब माता पिता खेत पर टमाटर में कीटनाश्क छिड़कने गए, बेटे ने घर में डला डंका, सोने-चांदी के आभूषण सहित नगदी किए पार दिए थे। पुलिस ने मनोज की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपितयों के खिलाफ मामला दर्ज कर पतारसी की तो महज 24 घन्टे के अन्दर गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद किया गया। पुलिस ने बताया है कि 24 अगस्त 2025 को फरियादी



मनोज पुत्र रमेश धाकड उम्र 39 साल निवासी ग्राम धौरिया हाल बरोद रोड बैराड ने रिपोर्ट किया कि मैं एवं मेरी पत्नि रानी धाकड टमाटर की फसल में दवाई डालने हेतु अपने गाँव धौरिया चले गये थे। घर पर मेरे लड़के रोहित धाकड एवं आकाश धाकड थे। सुबह करीबन 06.30 बजे मेरे लड़के आकाश धाकड़ ने फ ोन लगाकर बताया कि पापा घर में चोरी हो गई है। फि र मैं और मेरी पत्नि रानी धाकड़ गाँव धौरिया से घर आये तो देखा कि घर के अन्दर कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था। मेरी अलमारी में सोने की झुमकी एक जोडी, दो सोने की अंगूठीए एक सोने की चेन, एक चांदी की करदोनी, एक चांदी का गुच्छा रखे थे। लेकिन अलमारी में रखी सोने की झुमकी एक जोडी, दो सोने की अंगूठी, एक चांदी की करदोनी, पुरानी इस्तेमाली कीमती करीबन 90,000 रुपये के नहीं मिले। जिन्हें कोई अज्ञात चोर घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर चोरी कर ले गये हैं। उक्त रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 297-2025 धारा 331;4, 305 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा गठित टीम गठित कर चोरी के प्रकरण में अज्ञात आरोपियों को ज्ञात कर आरोपी रोहित धाकड़ पुत्र मनोज धाकड़ उम्र 18 साल निवासी बरोद रोड बैराड व विधि विरूद्ध बालक से चोरी गया मशरूका करीवन 90,000 रुपए जप्त किया गया। आरोपी रोहित को 25 अगस्त 25 को गिरफ्फतार कर न्यायलय पेश किया गया एवं विधि विरूद्ध बालक को किशोर न्यायाबोर्ड शिवपुरी के समक्ष पेश किया गया।

### इनका कहना है

मनोज धाकड़ के दोनों बेटों पर एक तो एक्सीडेंट का कर्जा और दूसरा कोई मोबाइल में गेम खेलकर कर्जा कर लिया था, इसके चलते इन्होंने अपने ही घर में चोरी की। इसका हमने पर्दाफास कर दिया है।

**रविशंकर कौशल**, टीआई बैराड़

## प्रेमिका को पाने हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ा युवक, विधायक की समझाइश के बाद उतरा



**शिवपुरी।** बैराड़ थाना क्षेत्र के गोंदरी गांव में मंगलवार को 21 वर्षीय युवक अल्ताफ खान प्रेम विवाह के लिए टावर पर चढ़ गया। अल्ताफ खान अपनी ही समाज की एक युवती से प्यार करता है और उससे शादी करना चाहता है। लेकिन परिजन इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं हुए। इसी नाराजगी में वह मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक अपने साथ मोबाइल फोन लेकर गया था और लगातार परिजनों से बातचीत करता रहा। सूचना पर विधायक कैलाश कुशवाह मौके पर पहुंचे।

# पुलिस ने 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब समेत आरोपी गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

दिनारा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी करैरा डॉ. आयुष जाखड़ की देखरेख में दिनांक 25 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि पुराना बरिया कच्चा रास्ते थनरा के पास एक व्यक्ति शराब कहीं ले जाने की फिराक में बैठा है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पप्पू उर्फ रामनारायण वंशकार उम्र 55 वर्ष निवासी तालभेव) को दो प्लास्टिक की सफेद कैनों में कुल 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। शराब की कीमत लगभग 6,000 रुपये आंकी गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है। इस कार्यवाही में दिनारा थाना प्रभारी अमित चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक भावना राठौड़, चौकी प्रभारी थनरा आर. पवन राठौड़, आर. दीपक मांझी, आर. धर्मेन्द्र यादव और आर. शिवम विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# अवैध हथियार के आरोपी युवक को न्यायालय ने किया दोषमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

पुलिस के द्वारा अवैध रूप से हथियार के साथ अभियुक्त को पकड़ा गया और आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर चालान न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायियक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवपुरी की अदालत में अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता गजेन्द्र यादव ने पैरवी की और तथ्यों व बहस के उपरांत अभियुक्त को दोष मुक्त करा दिया गया। अभियोजन के अनुसार मामला इस प्रकार है कि सहायक उप निरीक्षक ने 01 मई 2022 को प्रधान आरक्षक, आरक्षक के साथ बीट गश्त में पकड़ा था।

# डीईओ कार्यालय पर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन, स्कूली शिक्षा में अनियमितता पर की कार्यवाही किए जाने की मांग भी उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी व करैरा सांदीपनी विद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं के एमिनेंट स्कूल द्वारा डमी एडमिशन व शिक्षा का व्यवसायीकरण किए जाने व प्राइवेट स्कूलों में खटारा वाहन चलाने के विरोध में अभाविप कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा व कार्यवाही की मांग की।

मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिवपुरी के कार्यकर्ताओं ने नगर मंत्री ऋषभ रघुवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा जिला संयोजक विक्रम गुर्जर ने, बताया कि अभाविप स्कूली शिक्षा में व्याप्त व्यापारीकरण व अनियमितता के खिलाफ है। अभाविप



कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर मांग रखी है। कार्यवाही न होने पर चरणबद्ध आंदोलन की हमारी तैयारी है, प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सांदीपनी विद्यालय शिवपुरी व करैरा के प्राचार्य को हटाने की माँग रखी है।

### ये रखीं कार्यकर्ताओं ने मांगें

*सांदीपनी विद्यालय में पिछले वर्ष जो नियम विरुद्ध शाला संचालन शुल्क के नाम पर विद्यार्थियों से उगाही की गई। उस राशि का क्या उपयोग किया गया। क्या यह आर्थिक अनियमितता की परिधि में आता है, अगर आता है तो जांच कर प्रभारी प्राचार्य को पद से तत्काल हटाया जाए। वहीं करैरा सांदीपनी विद्यालय में शिक्षा के नाम पर खाना पूर्ति मात्र की जा रही है। विद्यार्थियों के कई बार कहने के बावजूद भी प्राचार्य द्वारा उनको शाला में पूरे समय ना पढ़ाकर लंच समय में घर वापिस भेज दिया जाता है जो कि विद्यार्थियों से उनके शिक्षा के अधिकार को छीनने जैसा है। वहीं विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल की भी व्यवस्था नहीं है, इस संदर्भ में भी जांच कर प्राचार्य पर उचित कार्यवाही की जाए ऐसे शिक्षा के प्रति निराशा का भाव रखने वाले प्राचार्य को हटाया जाए। नगर में संचालित एमिनेंट स्कूल केवल डमी एडमिशन देता है, वहां न तो योग्य शिक्षक है न ही कक्षाएं संचालित होती हैं। ऐसे में एमिनेंट स्कूल केवल फर्जी तरीके से मार्कशीट देने का अड्डा नगर में बना हुआ हैं। ऐसे विद्यालय पर तत्काल कार्यवाही की जाए। जिले भर में प्राइवेट स्कूलों द्वारा जो वाहन चलाए जा रहे है, वो कंडम खटारा अव्यथा में पहुंच चुके है फिर भी उनको निरंतर विद्यार्थियों को बैठा कर दौड़ाया जा रहा है, निकट भविष्य में अगर कोई अप्रिय घटना घटित होगी तो कौन जिम्मेदार होगा ऐसे में संबंधित विद्यालयों में जाँच दल गठित कर कार्यवाही की जाए। इस दौरान एबीवीपी के मयंक कलावत, हर्ष पंडित, ऋतुराज यादव, अंश शर्मा, प्रशांत राठौर, मोहित रजक, मोहित पंडित, क्षितिज पाठक, आदित्य कलावत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।*

## नारही गांव में नही पांच दिन से बिजली, बारिश में बिना बिजली से परेशान ग्रामीणों ने की शिकायत

**शिवपुरी।** शिवपुरी अनुविभाग के ग्राम नारही गांव में मंगलवार को बिजली नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने तहसील परिसर के सामने चक्काजाम कर दिया। इस दौरान महिलाएं भी शामिल रहीं। उनका आरोप था किए 5 दिनों से बिजली नहीं होने से काफी समस्याओं का सामना करने पड़ रहा है। विधायक के आश्वासन के बाद गांववाले जाम खोलने को तैयार हुए। बिजली नहीं होने से रातभर जागने को मजबूर ग्रामीणों का कहना था किए बारिश के मौसम में लगातार गांव में बिजली बंद रहती है। पिछले 5 दिनों से गांव में बिजली नहीं आई है। बिजली कंपनी के अधिकारियों को समस्या बताईए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बिजली सप्लाई बाधित होने से पीने का साफ पानी तक नहीं मिल पा रहा है। मच्छरों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है कि रातभर सो नहीं पाते हैं।

### विधायक और पुलिस ने दी समझाइश

*जाम की सूचना मिलते ही मौके पर करैरा पुलिस और करैरा विधायक रमेश खटीक मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिजली कंपनी के अधिकारियों को मौके पर बुलवाया। गांववालों के बीच कंपनी के अधिकारियों से बात की गई। लोगों ने बताया कि गांव के कई खंभे टूट चुके हैंए ऐसे में आए दिन सप्लाई बंद हो जाती है। पिछले 5 दिनों से यही स्थिति बनी हुई है। शिकायत के बाद भी कंपनी के कर्मचारी हमारी सुनने को तैयार नहीं हैं। गांव में जल्द बिजली सप्लाई का आश्वासन मिलते ही ग्रामीणों ने जाम खोल दिया।*

# दिनारा के रक्तदान शिविर में 14 यूनिट रक्तदान संग्रह, सहयोगियों ने किया सराहनीय कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

विश्व बधुत्व दिवस एवं राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दिनारा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय पर विंग ;जीवन की उड़ान संस्था और नितिन राधे गुप्ता और सुमित नीखरा मोनू अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी दिनारा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम की शुरुवात संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 14 यूनिट रक्त संग्रह हुअ इसमें सतीश गुप्ता, 7 वार, साहिल गुप्ता, 26 वर्ष ;7 वी बार, अभिषेक गुप्ता 6 वी वारद्ध, नितिन गुप्ता 14वीं वार, कृष्णा सावला ;4थी वार, डॉ1 अंकित गुप्ता, मोनू सोनी, विक्की, डॉ संजय चतुर्वेदी,,देव गुप्ता, अभिराज गुप्ता, अंकुर यादव,हनी गुप्ता, प्रवीण गुप्ता ने किया।



# संभाग स्तरीय वॉलीबॉल में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गोमती नंदन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बालक और बालिका दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शनकर खेल भावना और संघर्ष का परिचय देते हुए खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वी टीमों को हराकर फाइनल में जगह बनाई और फिर दमोह जिला को हराकर गोल्ड मेडल जीता और स्कूल का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर



विद्यालय के डायरेक्टर विकास अग्रवाल, प्राचार्य शिखा अग्रवाल, एकेडमिक डायरेक्टर संतोष कुमार रजक, पीटीआई करतार यादव, कोमल पटेल, शिखा मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों और स्कूल पीटीआई (कोच) गीतेश रैकवार को बधाई दी।

# दिनारा में गणेश चतुर्थी को लेकर प्रशासन सतर्क, शांति समिति की बैठक में ध्वनि प्रदूषण और यातायात व्यवस्था पर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

कस्बे में आगामी त्यौहारों को देखते हुये गणेश चतुर्थी पर्व की तैयारियों को लेकर करेरा एसडीओपी डॉ आयुष जाखड़ के निर्देश में दिनारा थाना प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई थाना प्रभारी ने सभी आयोजक समितियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पंडाल स्थापना और शोभायात्रा के दौरान ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखा जाए यातायात व्यवस्था और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा मूर्ति



विसर्जन के लिए दिनारा नगर के लिए पुलिस प्रशासन की पूरी व्यवस्था करेंगे दिनारा थाना प्रभारी अमित चतुर्वेदी और थनरा चौकी प्रभारी भावना राठौर ने संवेदन शील स्थानों पर विशेष निगरानी की बात कही बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि त्यौहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा।

## कृषि उपज मंडी में जागरूक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# वेयर हाउस के भंडारण एवं उपज पर कम ब्याज दरों पर ऋण के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

कृषि उपज मंडी प्रांगण में डब्ल्यूडीआरए की ई डिपोजिटरी संस्था सीसीआरएल एवं किसान वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन बीना के द्वारा किसानों को सरकार की नीतियों का पालन करते हुए अपनी उपज डब्ल्यूडीआरए के तहत वेयर हाउस में भंडारण एवं उपज पर कम ब्याज दरों पर ऋण के लिए मार्गदर्शित एवं जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर किसान वेयरहाउस के संचालक सत्यजीत सिंह ने डब्ल्यूडीआरए के मुख्य उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ईएनडब्ल्यूआर प्रणाली लागू करना, देश में परक्राम्य गोदाम रसीद (एनडब्ल्यूआर) प्रणाली को लागू



करना, जिससे किसान अपनी उपज को वैज्ञानिक गोदामों में जमा कर सकें और एनडब्ल्यूआर के आधार पर ऋण प्राप्त कर सकें। साथ ही वेयरहाउस का विकास और विनियमन, गोदामों के विकास और उनके समुचित संचालन के लिए नियम और प्रावधान बनाना। वैज्ञानिक भंडारण को बढ़ावा देना, ग्रामीण तरलता में सुधार, ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय तरलता को बढ़ाना, विशेषकर किसानों के लिए। आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देना, कुशल और प्रभावी कृषि-वस्तु आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देना। जमाकर्ताओं और बैंकों के बीच विश्वास बढ़ाना, यह सुनिश्चित करना कि गोदामों में रखी गई उपज सुरक्षित है और बैंक ईएनडब्ल्यूआर पर विश्वास कर सकें। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहेरिया ने व्यापारी एवं किसान बंधुओं को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा कृषि हित में जो वित्तीय सहयोग की योजना चलाई जा रही है उसका लाभ सबको मिल कर लेना है व पुरानी साहूकारी प्रथा को छोड़ बैंको से काम ब्याज पर लेनदेन करें व एक्ट के अनुकूल कार्य हों। नगर मंडल अध्यक्ष एवं यूबीएफपीओ के डायरेक्टर राजेंद्र उपाध्याय ने बैंको से छोटे किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने की बात कही।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी गणेश एक सार्थक पहलः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की संकल्पना पर केन्द्रित जन जागरूकता अभियान के तहत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने श्री गणेश जी की पूजन से किया। इस मौके पर उन्होंने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का निर्माण सार्थक पहल है। माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर रश्मि जैन के निर्देशन में किया गया।

उन्होंने कहा पूर्वजों द्वारा मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाकर ही पूजा अर्चन के लिए स्थापित की जाती थी। तदुपरांत आसानी से विसर्जित हो जाती थी। परन्तु आधुनिकता के प्रभाव स्वरूप पीओपी आदि अन्य सामग्री की तैयार प्रतिमाएं प्रकृति एवं पर्यावरण के लिए नुकसानदायक हो गई है। यह अभिनव प्रयास अनुकरणीय है। कॉलेज की पूर्व एवं सर्वश्रेष्ठ छात्रा नेहा प्रजापति मूर्ति कलाकार को माटी गणेश मूर्ति निर्माण



प्रशिक्षण देने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि माटी गणेश प्रतिमा अभियान सराहनीय है। माटी में पंचतत्त्व होते हैं माटी से निर्मित प्रतिमा की पूजन अर्चन और विसर्जन का विशेष फल प्राप्त होता है। माटी रसायन मुक्त होती है विसर्जन में जल्दी घुल जाती है जो प्रकृति के अनुकूल है। कल्पना कुर्मी, करिश्मा कुर्मी, पूनम, नैनसी राजपूत, अमीषा धानक, टीना लोधी, राधा कुशवाहा, करीना अहिरवार आदि छात्राओं ने माटी से छोटे बड़े आकार की गणेश प्रतिमा बनाना सीखा। छात्राओं एवं स्टाफ ने माटी गणेश बनाने की शपथ ली। संचालन आरती ठाकुर एवं आभार डॉक्टर आशीष गुप्ता ने व्यक्त किया। इसमें डॉ उमा लवानिया, मीनू तिवारी (हस्तकला प्रशिक्षक ), यशवंत शर्मा, प्रशांत कुशवाहा, अमरजीत सिंह मठारू आदि उपस्थित रहे।